>

Title: Need to resume helicopter service at Mata Vaishno Devi Temple in Jammu and Kashmir.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): महोदय, कृपया मुझे यहां से बोलने की अनुमति दीजिए।

सभापति महोदय : ठीक है बोलिए। एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

चौधरी लाल सिंह : महोदय, आप जानते हैं कि माता वैष्णो देवी जी इस देश और दुनिया में बड़ी पूज्यनीय हैं और पूरे देश के लोगों की बड़ी आस्था है। आप जानते हैं कि उस माता की मेहरबानी पूरे देश पर है और खासकर हम जम्मू-कश्मीर के लोगों पर है। हमारे पास कम से कम एक करोड़ बीस लाख यात्री, रिलीजियस टूरिस्ट्स हर साल आते हैं। उनकी संख्या हमेशा बढ़ती गयी और यह एक लगातार कंटिनियूअस प्रोसेस है। वहां इतने ज्यादा इंतजाम नहीं हैं कि वे लोग वहां अच्छे ढंग से रह पाएं, क्योंकि इतने लोगों को वहां समाना आसान नहीं है। मेरी जनाब से विनती है कि हमारे एयर सर्वर्स-चापर्स पहले चलते थे, चार-पांच कंपनियां भी पिछले दिनों चला रही थीं, अब एक हफ्ते से उस सेवा को बंद कर दिया गया है। इसका कारण यह बताया गया कि कोई सिक्योरिटी प्रॉब्लम है। सरकार को इसका एतहाद ले लेना चाहिए था और उसका एतहाद लेते समय इसका इंतजाम करना चाहिए था, इसे अचानक बंद नहीं करना चाहिए था। जिन टूरिस्ट्स ने पहले से बुकिंग कराई हुई थी, लगातार ऑन-लाइन बुकिंग चल रही थी, एक तो वे लोग हताश हुए, परेशान हुए और दूसरे, जो लोग वहां कनेक्टिंग जहाज से आकर दर्शन करते थे और फिर वापस चले जाते थे, उन टूरिस्ट्स में भी कमी होगी। इससे लोगों में तकलीफ का एक इश्यू बना हुआ है। इसलिए मेरी जनाब से विनती है कि मंत्री साहब इसके बारे में अगर अच्छे ढंग से आनरेबल सिविल एविएशन मिनिस्टर को बताएं।**...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : मंत्री जी, माता का बहुत बड़ा धाम है, माननीय सदस्य वहां हेलीकॉप्टर सर्विस को रिज्यूम करने की बात कह रहे हैं।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : आप बहुत सही बात उठा रहे हैं, यह सारे देश की भावना है।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): बुजुर्गों के लिए कोई भी विकल्प नहीं रह गया है, बुजुर्ग लोग केवल हेलीकॉप्टर से ही जाते थे।

श्री हरीश रावत: महोदय, पवनहंस हमारी एक संस्था है, हम उनके ध्यान में इस बात को लाएंगे।